भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2002**

02 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुर्स्वास्थ्य योजना**

2002. श्री वाई. एस. अविनाश रेड्डी:
श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आयुर्स्वास्थ्य के घटकों को उद्घाटित करते हुए इसका ब्यौरा क्या है और इसके शुरु होने के बाद से इसकी उल्लेखनीय उपलब्धियां क्या रहीं;
(ख) देश में वर्ष 2022-23 के दौरान, राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार आयुर्स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं और वित्त पोषित संगठनों का ब्यौरा क्या है;
(ग) सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए आयुर्स्वास्थ्य योजना हेतु निर्धारित निधि का ब्यौरा क्या है।
(घ) दिसंबर 2023 तक आयुर्स्वास्थ्य योजना पर हुए व्यय का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या उनके मंत्रालय के अंतर्गत कुछ अनुसंधान परिषदें संपूर्ण देश में मोबाइल स्वास्थ्य देखरेख कार्यक्रम चला रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): आयुष मंत्रालय, वित्त वर्ष 2021-22 से, आयुर्स्वास्थ्य योजना नामक एक केंद्रीय क्षेत्रीय योजना क्रियान्वित कर रहा है। इस योजना के 02 घटक हैं नामत: (i) आयुष और जन स्वास्थ्य (ii) उत्कृष्टता केंद्र (सीओई)। योजना के विस्तृत दिशा-निर्देश मंत्रालय की वेबसाइट (www.ayush.gov.in) पर उपलब्ध हैं। इस योजना के प्रारम्भ से लेकर अब तक की उल्लेखनीय उपलब्धियां **संलग्नक-I** पर दी गई हैं।

(ख): योजना के तहत, निधियों को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुमोदित/आवंटित नहीं किया जाता है। इसके अलावा, वर्ष 2022-23 के दौरान आयुर्स्वास्थ्य योजना के तहत अनुमोदित परियोजनाओं और वित्त पोषित संगठनों का विवरण **संलग्नक-II** पर दिया गया है।

(ग): सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए आयुर्स्वास्थ्य योजना हेतु 72.09 करोड़ रुपए की निधि चिन्हित की है।

(घ): आयुर्स्वास्थ्य योजना के तहत, वर्ष 2021-22 से दिसम्बर, 2023 तक विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए पात्र संगठनों को 50.99 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई थी।

(ङ): इस मंत्रालय के तहत अनुसंधान परिषदें देश भर में मोबाइल स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों का कार्यान्वयन कर रही हैं। विवरण **संलग्नक-III** में दिया गया है।

*****

**संलग्नक-I**

**योजना के प्रारंभ से लेकर अब तक की उल्लेखनीय उपलब्धियां**

(राशि करोड़ रुपए में)

| क्र.सं. | संगठन का नाम | परियोजना का नाम | जारी की गई निधि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| 1 | राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय, जालुकबारी, असम | पंचकर्म उत्कृष्टता केंद्र और फार्मेसी का उन्नयन | 4.00 | - | - | - |
| 2 | एसडीएम कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथ एंड योगिक साइंस, उजिरे, | पाचन तथा जीवनशैली रोग हेतु योग व प्राकृतिक चिकित्सा उत्कृष्टता केंद्र | 1.76 | - | - | - |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | बेंगलुरु, कर्नाटक | | | | | |
| 3. | सोसायटी फॉर वेलफेयर ऑफ द हैंडिकैप्ड पर्संस, भरोसा, दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल | विकलांगता की रोकथाम के लिए होम्योपैथी उत्कृष्टता केंद्र | 0.10 | - | - | - |
| 4. | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आरआरआईयूएम) श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर | इलाज बित तदबीर (रेजिमेंटल थेरेपी) उत्कृष्टता केंद्र | 2.83 | - | - | - |
| 5 | राजीव गांधी गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट आयुर्वेद कॉलेज एंड हॉस्पिटल, पपरोला, हिमाचल प्रदेश | वृद्धावस्था स्वास्थ्य देखभाल के लिए आयुर्वेद उत्कृष्टता केंद्र | 0.11 | - | - | - |
| 6 | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर, राजस्थान | इंटिग्रेटिव प्रिसिजन हैल्थ एंड मेडिसिन हेतु आयुरटेक उत्कृष्टता केंद्र | 4.00 | - | 4.00 | - |
| 7 | यकृत और पित्त विज्ञान संस्थान (आईएलबीएस), नई दिल्ली | स्वस्थ एवं रोगयुक्त यकृत पर भारतीय खाद्य पदार्थों और आयुर्वेदिक औषधियों का प्रभाव | 3.97 | 2.61 | - | - |
| 8 | आर्य वैद्य शाला (एवीएस), कोट्टक्कल, मलप्पुरम, केरल | आर्य वैद्य शाला, कोट्टक्कल में कैंसर अनुसंधान उत्कृष्टता केंद्र | 2.66 | - | - | - |
| 9 | राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहांस), बैंगलोर, कर्नाटक | राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान में आयुष उत्कृष्टता केंद्र | - | 0.85 | 0.37 | - |
| 10 | जामिया हमदर्द मानद विश्वविद्यालय, नई दिल्ली | यूनानी चिकित्सा (फार्माकोग्नॉसी /फार्माकोलॉजी) उत्कृष्टता केंद्र | 4.00 | - | - | - |
| 11 | बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी, उत्तर प्रदेश | क्षारसूत्र उपचार पर राष्ट्रीय संसाधन केंद्र की स्थापना हेतु उत्कृष्टता केंद्र | 1.42 | - | - | - |
| 12 | पतंजलि आयुर्वेद अस्पताल, हरिद्वार, उत्तराखंड | पतंजलि आयुर्वेद अस्पताल के नवीकरण और उन्नयन के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना | 4.00 | - | - | - |
| 13 | सीआईएमआर, एम्स, नई दिल्ली | योग एवं आयुर्वेद उत्कृष्टता केंद्र | - | 2.05 | 2.04 | - |
| 14 | केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई), बेंगलुरु, कर्नाटक | मधुमेह (डायबिटीज मेलिटस) हेतु अनुसंधान एवं नैदानिक सेवाएं उत्कृष्टता केंद्र | - | 0.20 | 1.55 | 1.01 |
| 15 | भारतीय विज्ञान संस्थान, (आईआईएससी), बैंगलुरू, कर्नाटक | मधुमेह एवं पाचन विकार उत्कृष्टता केंद्र | - | - | 2.00 | 1.82 |
| 16 | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली | रसौधधियों हेतु उन्नत प्रोद्योगिकीय समाधानों, स्टार्टअप सहयोग एवं नेट जीरो सतत समाधानों हेतु स्थायी आयुष उत्कृष्टता केंद्र | - | - | 2.00 | 1.14 |
| 17 | सावित्रबाई फुले पुणे | स्वास्थ्य विज्ञान के लिए | - | - | 2.00 | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | विश्वविद्यालय (एसपीपीयू), पुणे, महाराष्ट्र | मानार्थ और एकीकृत स्वास्थ्य स्कूल हेतु उत्कृष्टता केंद्र | | | | 0.52 |
| 18 | टाटा मेमोरियल केंद्र (टीएमसी) मुंबई, महाराष्ट्र | कैंसर देखभाल के लिए आयुष चिकित्सा की खोज और विकास के लिए उत्कृष्टता केंद्र | - | - | 2.00 | 1.62 |
| 19 | केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (सीडीआरआई), लखनऊ, उत्तर प्रदेश | आयुर्वेद में मूल एवं रूपांतरण अनुसंधान हेतु उत्कृष्टता केंद्र | - | - | 2.00 | - |
| 20 | जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली | आयुर्वेद एवं चिकित्सा पद्धति पर उत्कृष्टता केंद्र | - | - | 101.09 | 2.44 |
| 21 | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, (एनआईए), जयपुर, राजस्थान | जयपुर जिले, राजस्थान के चाकसू ब्लॉक में योग और जीवनशैली में संशोधन के साथ आयुर्वेदिक औषधियों सहित 25-70 वर्ष की आयु वर्ग के पुरुष और महिला रोगियों में प्री-डायबिटीज और टाइप 2 डायबिटीज मेलिटस का प्रबंधन | 0.60 | 0.35 | - | - |
| 22 | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, (एनआईए), जयपुर, राजस्थान | राजस्थान के जयपुर जिले के जमवारामगढ़ ब्लॉक के बच्चों में कुपोषण को कम करने और रोकने के लिए आयुर्वेद उपचार | 0.56 | 0.33 | - | - |
| 23 | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, (एनआईए), जयपुर, राजस्थान | जयपुर जिले की जामवा रामगढ़ तहसील में आयुर्वेदिक औषधियां, योग, परामर्श और जीवनशैली में संशोधन के साथ शराब की लत का प्रबंधन (शराब सेवन संबंधी विकार) | 0.59 | 0.59 | 0.56 | - |
| 24 | आयुर्वेद सेवा संघ आयुर्वेद महाविद्यालय, नासिक, महाराष्ट्र | स्वस्थ गर्भावस्था के लिए आयुर्वेद देखभाल | 0.43 | - | - | - |
| 25 | मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स काउंसलिंग केयर एंड रिसर्च सेंटर, कोयंबटूर, तमिलनाडु | डचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी वाले बच्चों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए आयुर्वेद आधारित दृष्टिकोण | 0.60 | - | - | - |
| 26 | श्री बी एम कंकनवाड़ी आयुर्वेद महाविद्यालय, कर्नाटक | ग्रामीण क्षेत्र के स्कूली बच्चों (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बेलगावी जिले, कर्नाटक के हुडाली के अंतर्गत स्कूल) में एनीमिया से निपटने के लिए स्थायी समाधान बनाना | 0.25 | - | - | - |
| 27 | राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान, तमिलनाडु | दक्षिण जिलों मदुरै और थेनी - तमिलनाडु में किशोर आयु (10 से 19 वर्ष) की ग्रामीण महिलाओं/पुरुषों के मध्य आयरन की कमी से होने | 0.60 | - | 0.60 | - |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वाले एनीमिया (पांडु) के लिए सिद्ध उपचार को बढ़ावा देना | | | | |
| 28 | श्रीनाथ मानव सेवा मंडल, परली, मुंबई, महाराष्ट्र | आयुर्वेद के माध्यम से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और इसके प्रबंधन के लिए सामुदायिक जांच कार्यक्रम और बीड जिले, महाराष्ट्र के परली ब्लॉक में रेफरल रिसर्च सेंटर की स्थापना | - | 0.30 | - | - |
| 29 | आयुष निदेशालय, महाराष्ट्र | आयुष दृष्टिकोण सहित ऑस्टियोपोरोसिस की जांच और उपचार कार्यक्रम: महाराष्ट्र राज्य में एक समुदाय आधारित कार्यक्रम | - | 0.16 | - | - |
| 30 | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली | भारतीय जनसंख्या में (एलटीबीआई) गुप्त तपेदिक के प्रबंधन के लिए आयुर्वेदिक चिकित्सा और रसायन थेरेपी को बढ़ावा देना | - | 0.59 | - | - |
| 31 | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली | आयुर्वेदिक उपचार के माध्यम से बच्चों के ज्ञान, दृष्टिकोण, व्यवहार और मौखिक स्वास्थ्य स्थिति को बढ़ावा देना | - | 0.49 | - | - |
| 32 | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली | हरियाणा राज्य के फ़रीदाबाद जिले की बुजुर्ग जनसंख्या में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए समुदाय आधारित आयुर्वेद उपचार | - | 0.60 | - | - |
| 33 | आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आईटीआरए), जामनगर (पिछला नाम गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय), गुजरात | जामनगर जिले के जामनगर तालुका में आयुर्वेदिक औषधियों के साथ प्रजनन आयु वर्ग की किशोरियों और महिलाओं में पांडु (एनीमिया) का प्रबंधन | - | 0.30 | - | - |
| 34 | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली | स्वस्थ संतान के लिए आयुर्वेद देखभाल | - | 0.30 | - | - |
| 35 | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली | आयुर्वेदिक उपचार के माध्यम से मस्कुलोस्केलेटल विकारों में पीड़ा का प्रबंधन | - | 0.30 | - | - |
| 36 | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली | आयुर्वेदिक उपचार के माध्यम से पुलिस कर्मियों के बीच मानसिक स्वास्थ्य स्थिति (चिंता, तनाव, अवसाद) पर ज्ञान, दृष्टिकोण और प्रथाओं को बढ़ावा देना | - | 0.60 | - | - |
| 37 | तिलक आयुर्वेद महाविद्यालय, पुणे, | महाराष्ट्र के पुणे जिले के मुलशी ब्लॉक में स्कूल जाने | - | 0.21 | 0.14 | - |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | महाराष्ट्र | वाले बच्चों में आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया के प्रबंधन में पुनर्नवादि मंडूर और द्राक्षावलेह का उपयोग | | | | |
| 38 | राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, भोपाल, मध्य प्रदेश | बुजुर्गों के अपक्षयी विकारों संबंधी वृद्धावस्था स्वास्थ्य देखभाल | - | - | 0.25 | - |
| 39 | पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान (एनईआईएएच), मेघालय | मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले के मावपत और माइलियम ब्लॉक में आदिवासी महिलाओं (18 से 45 वर्ष की आयु) में आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया (आईडीए) के लिए आयुर्वेद उपचार को बढ़ावा देना | - | - | 0.59 | - |

<u>संलग्नक-II</u>

**वर्ष 2022-23 के दौरान आयुस्वास्थ्य योजना के तहत अनुमोदित परियोजनाओं और वित्त पोषित संस्थानों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण**

(राशि करोड़ रुपये में)

| क्र.सं. | संगठन का नाम | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | परियोजना का नाम | वित्तीय वर्ष 2022-23 में वित्तपोषण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | यकृत और पित्त विज्ञान संस्थान (आईएलबीएस), नई दिल्ली | दिल्ली | स्वस्थ एवं रोगयुक्त यकृत पर भारतीय खाद्य पदार्थों और आयुर्वेदिक औषधियों का प्रभाव | 2.61 |
| 2. | राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहांस), बैंगलोर | कर्नाटक | राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान में आयुष उत्कृष्टता केन्द्र। | 0.85 |
| 3. | सीआईएमआर, एम्स, नई दिल्ली | दिल्ली | योग एवं आयुर्वेद उत्कृष्टता केंद्र | 2.05 |
| 4. | केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई), बेंगलुरु | कर्नाटक | मधुमेह हेतु अनुसंधान एवं नैदानिक सेवाएं उत्कृष्टता केंद्र | 0.20 |
| 5. | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, (एनआईए), जयपुर | राजस्थान | जयपुर जिले, राजस्थान के चाकसू ब्लॉक में योग और जीवनशैली में संशोधन के साथ आयुर्वेदिक औषधियों सहित 25-70 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष और महिला रोगियों में प्री-डायबिटीज और डायबिटीज मेलिटस का प्रबंधन | 0.35 |
| 6. | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, (एनआईए), जयपुर | राजस्थान | राजस्थान के जयपुर जिले के जमवारामगढ़ ब्लॉक के बच्चों में कुपोषण को कम करने और रोकने के लिए आयुर्वेद उपचार | 0.33 |
| 7. | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, (एनआईए), जयपुर | राजस्थान | जयपुर जिले की जामवारामगढ़ तहसील में आयुर्वेदिक औषधियों, योग, परामर्श और जीवनशैली में संशोधन के साथ शराब की लत (शराब संबंधी विकार) का प्रबंधन। | 0.59 |
| 8 | श्रीनाथ मानव सेवा मंडल, परली, मुंबई | महाराष्ट्र | आयुर्वेद के माध्यम से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और इसके प्रबंधन के लिए सामुदायिक जांच कार्यक्रम और बीड जिले, महाराष्ट्र के परली ब्लॉक में रेफरल अनुसंधान केंद्र की स्थापना | 0.30 |
| 9 | आयुष निदेशालय, महाराष्ट्र | महाराष्ट्र | ऑस्टियोपोरोसिस की जांच और आयुष दृष्टिकोण का उपयोग कर उपचार कार्यक्रम: महाराष्ट्र राज्य में एक समुदाय आधारित कार्यक्रम | 0.16 |
| 10 | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली | दिल्ली | भारतीय जनसंख्या में (एलटीबीआई) गुप्त तपेदिक के प्रबंधन के लिए आयुर्वेदिक चिकित्सा और रसायन चिकित्सा को बढ़ावा देना | 0.59 |
| 11 | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली | दिल्ली | आयुर्वेदिक उपचार के माध्यम से बच्चों के ज्ञान, दृष्टिकोण, व्यवहार और मौखिक स्वास्थ्य स्थिति को बढ़ावा देना | 0.49 |
| 12 | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली | दिल्ली | हरियाणा राज्य के फ़रीदाबाद जिले की बुजुर्ग आबादी में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए समुदाय आधारित आयुर्वेद उपचार | 0.60 |
| 13 | आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आईटीआरए), जामनगर (पिछला नाम गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय) | गुजरात | जामनगर जिले के जामनगर तालुका में आयुर्वेदिक औषधियों के साथ प्रजनन आयु वर्ग की किशोरियों और महिलाओं में पांडु (एनीमिया) का प्रबंधन | 0.30 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14 | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली | दिल्ली | स्वस्थ संतान के लिए आयुर्वेद देखभाल | 0.30 |
| 15 | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली | दिल्ली | आयुर्वेदिक उपचार के माध्यम से मस्कुलोस्केलेटल विकारों में पीड़ा का प्रबंधन | 0.30 |
| 16 | अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली | दिल्ली | आयुर्वेदिक उपचार के माध्यम से पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य स्थिति (चिंता, तनाव, अवसाद) पर ज्ञान, दृष्टिकोण और प्रथाओं को बढ़ावा देना | 0.60 |
| 17 | तिलक आयुर्वेद महाविद्यालय, पुणे | महाराष्ट्र | महाराष्ट्र के पुणे जिले के मुलशी ब्लॉक में स्कूल जाने वाले बच्चों में आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया के प्रबंधन में पुनर्नवादि मंडूर और द्राक्षावलेह का कार्यान्वयन | 0.21 |

**संलग्नक- III**

**देश भर में इस मंत्रालय के अंतर्गत मोबाइल स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम चलाने वाली अनुसंधान परिषदों का विवरण**

| अनुसंधान परिषद् का नाम | ब्यौरा |
|---|---|
| केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद् | सीसीआरएएस 14 राज्यों में 14 सीसीआरएएस संस्थानों के माध्यम से टीएसपी योजना (जनजातीय स्वास्थ्य देखभाल अनुसंधान कार्यक्रम) के तहत आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से अनुसंधान उन्मुख सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है और 14 राज्यों में अनुसूचित जाति उप योजना (एससीएसपी) के तहत तथा 15 एवं 10 संस्थानों के माध्यम से क्रमशः 10 राज्यों में आयुर्वेद मोबाइल स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम (एएमएचसीपी-एससीएसपी) और महिला एवं बाल स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम (डब्ल्यूसीएच-एससीएसपी) के तहत अनुसंधान उन्मुख सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम चला रहा है और दूरदराज तथा शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं का विस्तार कर रहा है। |
| केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् | यह परिषद ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी मलिन बस्तियों में रहने वाली जनसंख्या को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से मोबाइल नैदानिक अनुसंधान कार्यक्रम आयोजित कर रही है। वर्ष 2023-24 के दौरान इन क्षेत्रों में की गई 475 मोबाइल दौरों द्वारा कुल 34,129 रोगियों का उपचार किया गया।<br><br>इसी प्रकार, परिषद के 16 संस्थानों/इकाइयों/केंद्रों द्वारा एससीएसपी/टीएसपी के तहत मोबाइल स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम |

| | |
|---|---|
| | भी चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत, विभिन्न रोगों के निवारक पहलुओं के बारे में जागरूकता पैदा करने और परिषद के चयनित केंद्रों के माध्यम से रोगियों को उपचार प्रदान करने के लिए मुख्य रूप से एससी/एसटी जनसंख्या वाले गांवों का चयन किया गया है।<br><br>एससीएसपी कार्यक्रम में लाभार्थियों की कुल संख्या 1,41,265 थी और टीएसपी कार्यक्रम में 46,060 थी। |
| केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद | सीसीआरएच द्वारा एससीएसपी के अंतर्गत मोबाइल स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम परिषद के 13 अनुसंधान केंद्रों पर आयोजित किया गया था, जिसमें 35 ग्रामों को शामिल किया गया। वर्ष 2023-24 के दौरान एससीएसपी के अंतर्गत कुल 2726 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए थे। वर्ष 2023-24 के दौरान एससीएसपी कार्यक्रम से कुल 42942 रोगी लाभान्वित हुए थे। |